गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2024 दिनांक 16.02.2024

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिन्ग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051<br>स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू | 2. लिस्टिन्ग अनुपालन<br>बीएसई लिमिटेड<br>फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400001<br><br>स्क्रिप कोड: 532155 |

महोदय/महोदया,

कृपया "माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली द्वारा सामुदायिक किचन सह डाइनिंग हॉल का भूमि पूजन संपन्न" विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है ।

धन्यवाद,

भवदीय,

महेश

**(महेश कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव**

**अनुलग्नक :** यथोक्त

**प्रति:**

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051
   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. बीकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड,
   4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,
   गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
   बांद्रा पूर्व, मुंबई- 400 051
   ध्यानाकर्षण : श्री कौस्तुभ कुलकर्णी

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**

**प्रेस विज्ञप्ति**

# माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली द्वारा सामुदायिक किचन सह डाइनिंग हॉल का भूमि पूजन संपन्न

**श्रीधाम ठाकुरनगर (पश्चिम बंगाल), 15 फरवरी, 2024:** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली ने आज महारत्न पीएसयू गेल (इंडिया) लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत यहां निर्मित किए जाने वाले सामुदायिक किचन सह डाइनिंग हॉल का भूमि पूजन कार्य संपन्न किया।

इस समारोह में पोर्ट, शिपिंग और वॉटरवेज राज्य मंत्री श्री शांतनु ठाकुर, अखिल भारतीय मटुआ महासंघ की मुख्य सलाहकार श्रीमती छबि रानी ठाकुर, पश्चिम बंगाल सरकार के पूर्व मंत्री और अखिल भारतीय मटुआ महासंघ के प्रधान सेबायत श्री मंजुल कृष्ण ठाकुर तथा गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) श्री आयुष गुप्ता सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर गेल और पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

परियोजना का उद्देश्य स्वच्छता सुविधाओं के साथ एक व्यापक सामुदायिक किचन सह डाइनिंग हॉल स्थापित करना है, जिसमें किचन उपकरणों, भंडारण सुविधाओं और संबद्ध सुविधाओं के साथ डाइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना शामिल है। यह सुविधा पौष्टिक भोजन प्रदान करेगी और समुदाय के सदस्यों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति के उत्थान के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों और स्वास्थ्य और स्वच्छता पहलों के कार्यान्वयन सहित सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इस परियोजना के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत 5 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उन्नत पोषक आहार तथा खाद्य सुरक्षा में सुधार के लिए पोषक आहार की उपलब्धता के माध्यम से खाद्य असुरक्षा तथा कुपोषण संबंधी मुद्दों का समाधान करना है। इसे व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल सृजन के साथ रोजगार और आय सृजन के अवसरों को बढ़ाकर वंचित मटुआ समुदाय के सदस्यों और स्थानीय युवाओं का उत्थान सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ लागू किया जा रहा है।

इस अवसर पर गेल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री आयुष गुप्ता ने कहा कि कंपनी समुदायों में निवेश करने में दृढ़ विश्वास रखती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास और उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि "ठाकुरनगर में एक सामुदायिक किचन सह डाइनिंग हॉल की स्थापना वंचित मटुआ समुदाय की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। सहयोगी प्रयासों और रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से इस परियोजना का उद्देश्य समावेशिता, सशक्तिकरण और स्थिरता के सिद्धांतों को बढ़ावा देते हुए समुदाय के सदस्यों के स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक कल्याण पर सकारात्मक प्रभाव का सृजन करना है।

गेल पश्चिम बंगाल राज्य में विभिन्न प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों, शहर गैस वितरण और कोयला गैसीकरण आधारित उर्वरक संयंत्र का कार्यान्वयन कर रहा है । गेल की पाइपलाइन दुर्गापुर-हल्दिया पाइपलाइन परियोजना, धामरा-हल्दिया पाइपलाइन परियोजना और बरौनी-गुवाहाटी पाइपलाइन परियोजनाओं में लास्ट माइल कनेक्टिविटी सहित 4,173 करोड़ रुपये के निवेश से पुरुलिया, पश्चिम बर्दवान, पूर्वी बर्दमान, हुगली, हावड़ा, नादिया, उत्तर दिनाजपुर, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कोच बिहार, अलीपुरदौन, पश्चिम मेदिनापुर और पूर्वी मेदिनापुर जिलों से होकर गुजर रही है ।

शहर गैस वितरण नेटवर्क में गेल अपनी सहायक कंपनी बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से कोलकाता में पहले से ही 11 सीएनजी डिस्पेंसिंग स्टेशनों के साथ काम कर रही है, जो मार्च 2024 के अंत तक 18 सीएनजी स्टेशनों तक बढ़ाने जा रही है । गेल वर्तमान में कोलकाता शहर में प्रतिदिन 13,000 किलोग्राम सीएनजी की आपूर्ति कर रहा है । बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड की शहर गैस डिस्ट्रीब्यूशन वेंचर में पांच साल में 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना है । अब तक कंपनी ने शहर गैस वितरण परियोजना पर 750 करोड़ रुपये खर्च किए हैं । गेल की कंपनी में 74% इक्विटी है जिसमें 26% शेष इक्विटी है जिसका स्वामित्व ग्रेटर कलकत्ता सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पास है ।

**गेल (इंडिया) लिमिटेड के बारे में**

गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जिसकी व्यापार, संचरण, एलपीजी उत्पादन और संचरण, एलएनजी पुन: गैसीकरण, पेट्रोकेमिकल्स, शहर गैस, ई एंड पी, आदि की प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला में विविध हित है । यह देश में व्याप्त लगभग 16,080 किमी लंबे प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का स्वामित्व और प्रचालन करता है । इसके विस्तार को और बढ़ाने के लिए कई पाइपलाइन परियोजनाओं के निष्पादन पर समवर्ती रूप से काम कर रहा है । गेल का गैस ट्रांसमिशन में लगभग 70% बाजार हिस्सेदारी है और भारत में 53% से अधिक का गैस ट्रेडिंग शेयर है । गेल और इसकी सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों का भी शहर गैस वितरण में एक सुदृढ़ बाजार हिस्सा है । तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) बाजार में गेल के पास काफी बड़ा पोर्टफोलियो है । गेल सौर, पवन, जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है । गेल के बारे में अधिक जानकारी कृपया: gailonline.com देखें ।